नगर निगम, शाहजहाँपुर।

**प्रेस विज्ञप्ति**

दिनांक 10.12.2020

- **नगर आयुक्त महोदय द्वारा कोरोना कोविड–19 एवं शीत लहर के दृष्टिगत रखते हुये दिनांक 09.12.2020 को रात्रि में नगर के विभिन्न क्षेत्रों में भ्रमण कर सड़क किनारे मौजूद निराश्रित व्यक्तियो को पहुॅचवाया रैन बसेरो में।**

- **नगर आयुक्त महोदय द्वारा गॉधी पार्क, गर्रा नदी घाट एवं गर्रा पुल पर बने वेडिंग जोन का निरीक्षण किया गया।**

- **नगर आयुक्त महोदय के नेतृत्व में टाउनहाल से गोविन्दगंज बाजार तक पैदल मार्च कर स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया।**

1. नगर आयुक्त महोदय द्वारा कोरोना कोविड–19 एवं शीत लहर के दृष्टिगत रखते हुये दिनांक 09.12.2020 को रात्रि में नगर के विभिन्न क्षेत्रों में भ्रमण किया गया। जिसमें सड़क किनारे मौजूद निराश्रित व्यक्तियो को शीत लहर के प्रकोप के बचाव एवं सुरक्षा का ध्यान में रखते हुये नगर निगम के अन्तर्गत बने रैन बसेरों में पहुॅचवाया गया। इसके साथ–साथ भ्रमण के समय नगर आयुक्त महोदय ने रैन बसेरा में पेयजल व्यवस्था, साफ–सफाई एवं प्रकाश व्यवस्था का गहनता से जायजा लिया। जिसमें निराश्रित व्यक्तियो की सुविधा हेतु रैन बसेरा में शुद्ध पेयजल, प्रकाश व्यवस्था एवं साफ–सफाई, सेनेटाइजेंशन, फागिंग तथा कीट नाशक दवा छिड़काव का कार्य नियमित रूप से कराये जाने हेतु सम्बन्धित को निदेशित किया गया। रैन बसेरा में उपस्थित लोगो से फेस मास्क,समय–समय से हाथ धोने व सेनेटाइजर के उपयोग करने की अपील की तथा रैन बसेरा में आने वाले व्यक्तियो का नियमित रूप से थर्मल स्क्रीनिंग एवं पल्स ऑक्सीमीटर से चेक करने हेतु निर्देशित किया गया। इस मौके पर नगर आयुक्त महोदय श्री संतोष कुमार शर्मा के साथ उप नगर आयुक्त श्री आशुतोष कुमार दुबे एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।
2. नगर आयुक्त महोदय द्वारा गॉधी पार्क, गर्रा नदी घाट एवं गर्रा पुल पर बने वेडिंग जोन का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त महोदय द्वारा वेडिंग जोन में आवंटित की गई दुकानो को आवंटित स्थल पर ही सब्जी/फल आदि लगाने हेतु निर्देशित किया। वेडिंग जोन में दुकान लगा रहे दुकानदारो को दुकान के बाहर सब्जी/फल आदि न लगाये जाने हेतु पथ विक्रेताओ को कड़े निर्देश दिये गये। वेडिंग जोन में पेयजल/प्रकाश की यथोचित व्यवस्था हेतु सम्बन्धित अभियन्ताओ को निर्देशित किया गया। इसके अतिरिक्त वेडिंग जोन में सुचारू रूप से सफाई व्यवस्था बनाये रखने के निमित्त नियमित रूप से एक सफाई कर्मचारी को रखने हेतु सफाई एवं खाद्य निरीक्षक को निर्देशित किया। नगर आयुक्त महोदय द्वारा गर्रा नदी के पास के स्थल के सौन्दर्यीकरण कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया।

3. स्वच्छ सर्वेक्षण–2021 के अन्तर्गत नागरिको को सफाई व्यवस्था के प्रति जागरूक किये जाने हेतु नगर आयुक्त महोदय के नेतृत्व में आज दिनांक 10.12.2020 को टाउनहाल से गोविन्दगंज बाजार तक पैदल मार्च कर स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया। स्वच्छ सर्वेक्षण–2021 में नागरिको की भागीदारी बढ़ाने एवं स्वच्छता के प्रति जागरूक किये जाने हेतु नगर निगम के अधिकारियो द्वारा रोस्टर के अनुसार मुख्य मार्गो पर पैदल मार्च निर्धारित किया गया है। मार्च के समय स्वास्थ्य विभाग,जलकल विभाग,निर्माण विभाग,कर विभाग एवं पथ प्रकाश एवं प्रर्वतन दल की एक–एक टीम आवश्यक उपकरणो के साथ उपस्थित रहकर जागरूकता अभियान के दौरान संज्ञान में आयी समस्याओ का तत्काल निस्तारण कराया गया। गोविन्दगंज में दुकानदारो द्वारा नालियो के ऊपर किये गये अतिक्रमण को मौके पर हटवाकर नालियो की साफ–सफाइ कराई गई एवं गन्दगी मिलने पर रू0 500/– का जुर्माना भी लगाया गया। खराब सफाई व्यवस्था पर सफाई नायक श्री रामबाबू के खिलाफ विभागीय कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। इसके साथ ही सभी दुकानदारो से अतिक्रमण न करने एवं साफ–सफाई रखने की अपील गई। पदल मार्च के समय ध्वनि विस्तारक यंत्र के माध्यम से नागरिको को स्वचछता के प्रति सतर्कता एवं जागरूकता कोविड–19 के दृष्टिगत किया गया। गोविन्दगंज बाजार में टुटेजा इम्पोरियम के प्रोपाराइटर श्री इन्द्रजीत सिंह टुटेजा की दुकान सबसे साफ–सुथरी पाई गई। नगर आयुक्त महोदय द्वारा श्री इन्द्रजीत सिंह टुटेजा के कार्यो की सराहना की गई एवं अन्य दुकानदारो से इनका अनुकरण करने की अपील की गई। श्री टुटेजा को स्वच्छता सम्राट से नवाजा गया। नगर आयुक्त महोदय द्वारा जनसामान्य से अपील की गई कि स्वच्छता अभियान के सर्वेक्षण में अपनी पूरी–पूरी सहभागिता करें। पैदल मार्च में नगर आयुक्त महोदय श्री संतोष कुमार शर्मा के साथ स्वच्छता प्रभारी अल्पना श्रीवास्तव, उपनगर आयुक्त श्री आशुतोष कुमार दुबे, सहायक नगर आयुक्त श्रीमती रश्मि भारती, श्री अंगद गुप्ता,सहायक अभियन्ता श्री पी0के0सिंह एव समस्त सफाई एवं खाद्‌य निरीक्षक आदि उपस्थित रहे।

उप नगर आयुक्त
नगर निगम,शाहजहॉपुर